# ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यशाला आयोजित

**करौली** । महिला अधिकारिता विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित 'बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना' एवं 'सशक्त नारी व सशक्त समाज' के संकल्प को साकार करने की दिशा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एम्बेसडर प्रोफेसर अनिता मीणा की अध्यक्षता एवं यूनिसेफ के एक्शनएड कार्यक्रम के जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा के सानिध्य में राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यशाला राजकीय देवनारायण बालिका छात्रावास करौली में आयोजित किया गया।

महिला अधिकारिता विभाग की सुपर वाइजर गोमती मीणा ने बताया कि संवाद कार्यक्रम में जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने वर्तमान में महिला एवं बालिकाओं की स्थिति, बढ़ते लिंगानुपात, महिलाओं एवं बालिकाओं पर बढ़ते अपराध, बाल विवाह, बालश्रम, बाल तस्करी, यौन शोषण, लिंग आधारित भेदभाव की रोकथाम एवं बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने हेतु जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में बालिकाओं को बालकों की तुलना में अलग नजरिये से देखा जाता है। बालिकाओं पर ज्यादा नियंत्रण रखतें है। जबकि बालको को खुली छूट दे दी जाती है। जिससे समाज में एक तरफा अपराध भी बढ़ने की संभावना रहती है। उन्होंने साइबर अपराध, पोक्सो एक्ट, पोश एक्ट, जे जे एक्ट सहित विभिन्न प्रकार की के अपराधों से संबंधित विधिक जानकारी प्रदान की। प्रोफेसर अनिता मीणा ने महिला एवं बालिकाओं को महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी एवं व्यावसायिक कौशल विकास कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, बालिका व महिलाओ से सम्बधित सरकारी योजनायें व मानसिक स्वास्थ्य आदि के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को निःशुल्क कौशल विकास के कोर्स एवं आत्मनिर्भर हेतु स्वरोजगार हेतु अनुदान आधारित ऋण योजनाओं की भी जानकारी दी। साथ ही बच्चों, किशोर एवं महिला, पुरूषों में बढ़ रहे हृदय रोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बाल विवाह की रोकथाम की शपथ भी दिलाई।

# अन्तर्राज्यीय कृषक भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिले के किसान होंगे सशक्त

**करौला** ,(निसं)। किसानों को खेती की नई तकनीक सिखाने के लिए जिले के प्रगतिशील किसानों को विभिन्न अनुसंधान केन्द्रों व कृषि विश्वविद्यालयों आदि संस्थानों का भ्रमण करवाया जा रहा है।

इसी क्रम में आत्मा योजना के अन्तर्गत 50 किसानों के दल को 20 से 26 जनवरी तक 7 दिवसीय अन्तर्राज्यीय भ्रमण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से सोमवार को जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला कलक्टर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वे भ्रमण करने वाले सभी संस्थानों के विषय विशेषज्ञों से अच्छी तरह से संवाद करें व संस्थानों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनियों का अवलोकन करें, कृषि में किये जा सकने वाले नये नवाचारों का अध्ययन करें तथा भ्रमण में सीखी गई कृषि तकनीकों का अपने-अपने गावों में अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कर वंचित किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित करें। जिससे कृषि प्रधान जिले करौली के कृषक आधुनिक उन्नत कृषि तकनीक अपनाकर अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने में सक्षम हो सकें।कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के उपनिदेशक एवं पदेन परियोजना निदेशक धर्मसिंह मीना ने बताया कि जिले की सभी पंचायत समितियों से चयनित 50 प्रगतिशील युवा किसानों को अन्तर्राज्यीय कृषक भ्रमण कार्यक्रम के तहत मध्यप्रदेश की नीमच मंडी, भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान इन्दौर, महाराष्ट्र के जैन इरिगेशन सिस्टम लिन, जैन प्लास्टिक पार्क जलगांव, गुजरात के नवसारी कृषि विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय औषधीय पादप एवं सुगन्धित पौध अनुसंधान संस्थान बोराईनी, आनन्द कृषि विश्वविद्यालय, अमूल डेयरी अनुसंधान केन्द्र इत्यादि संस्थानों का भ्रमण करवाया जाएगा। प्रगतिशील कृषक उक्त संस्थानों के वैज्ञानिकों व विषय विशेषज्ञों से संवाद कर प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा विभिन्न कृषि, उधानिकी, पशुपालन, खेती आदि से संबंधित नवाचार की तकनीक को जानेंगें। उन्होंने बताया कि किसान विभिन्न फसलों के उन्नत बीज,किस्म,सिंचाई जल प्रबंधन,मृदा संरक्षण,संतुलित उर्वरक व कीटनाशी उपयोग,समेकित खेती प्रणाली,जैविक खेती,व्यवसायिक पशुपालन एवं उच्च उधानिकी तकनीक युक्त फल व सब्जियों की खेती व अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से समझेंगे। उक्त भ्रमण हेतु कैलादेवी के सहायक कृषि अधिकारी गिर्राज प्रसाद मीना, प्रभारी एवं ससेडी के कृषि पर्यवेक्षक अनिल कुमार गुर्जर को सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। भ्रमण दल को रवाना करते समय कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वी.डी. शर्मा, आत्मा योजना के उपनिदेशक धर्म सिंह मीना, उद्यानिकी के उप निदेशक चेतराम मीना एवं आत्मा के उप परियोजना निदेशक हरभजन मीना सहित अन्य अधिकारी,कार्मिक एवं कृषक उपस्थित रहे।

# समीक्षा बैठक आयोजित

**भरतपुर** । जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा कि सभी विभाग विकास कार्यों को तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग कर मौके पर प्रति सप्ताह जांच की जाए। जिला कलक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में देरी होने से आमजन को उनका समय पर लाभ नहीं मिल पाता है, ऐसे में सभी विभाग निर्धारित तिथि तक कार्यों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्ता से पूर्ण कराऐं। उन्होंने आरएसआरडीसी द्वारा आरबीएम अस्पताल, लोहागढ स्टेडियम एवं उपखण्ड मुख्यालयों पर चल रहे निर्माण कार्यों में समय पर कार्य पूरा नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समय पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में सभी कार्यों की प्रति सप्ताह मौका निरीक्षण कर प्रगति लाऐं अन्यथा व्यक्तिशः जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## सार-समाचार

### नरेंद्र पांचवी बार बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**सूरौठ** । राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ का दो दिवसीय 35 वें प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया गया अधिवेशन में कस्बा सूरौठ निवासी विनीत कुमार मीना को पहली बार शारीरिक शिक्षक संघ का निर्विरोध प्रदेश उपाध्यक्ष, व नरेन्द्र बाबा कों पांचवी बार वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के मुख्य संरक्षण यतीश चंद्र शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष कर्णफूल मीना व जिला अध्यक्ष भूपाल सिंह मीना डॉ.मोहन चौधरी और किशन पलसानिया को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया करौली जिले के काफी संख्या में शारीरिक शिक्षकों ने इस सम्मेलन में भाग लिया , दो दिवस तक चले सम्मेलन में शारीरिक शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया ,कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मंच को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने सुशोभित किया क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व ओलंपियन में गोपाल सैनी ने शारीरिक शिक्षकों को संबोधित करते हुए सरकार से मांग की विद्यालय में शारीरिक शिक्षा और योग शिक्षा को अनिवार्य रूप से घोषित करना चाहिए ,सैनी ने कहा कि शारीरिक शिक्षकों को अन्य गैर शैक्षिणक कार्यो से मुक्त और विद्यालयों में खेल बजट और छात्रों का दैनिक भत्ता बढ़ाया जाए महत्वपूर्ण मांगो का ज्ञापन तैयार कर राज्य सरकार को भिजवाने के लिए सौंपा गया, दूसरे सत्र में प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया बाईजट्ट राजकीय विद्यालय में कार्यरत हैं नरेंद्र बाबा सूरौठ,करौली जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाजना सपोटरा में कार्यरत शारीरिक शिक्षक विनीत कुमार मीना सूरौठ कों सर्वसम्मति प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया, और महात्मा गांधी सूरौठ के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक भूपाल सिंह मीना को जिला अध्यक्ष बनाएं जाने पर शारीरिक शिक्षकों ने संरक्षण यतीश चन्द शर्मा का आभार व्यक्त किया मीना सूरौठ कस्बे के मूल निवासी हैं एवं 2015 से प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में शारीरिक शिक्षक संगठन में कार्य कर रहे हैं ।

### सुरेन्द्र को मिली पीएचडी की उपाधि

**नादौती** । कैमरी गांव निवासी प्रोफेसर सुरेन्द्र सिंह गुर्जर ने मालवांचल यूनिवर्सिटी इंदौर से नर्सिंग में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की । प्रोफेसर सुरेन्द्र सिंह पिछले 12 वर्षों से राजस्थान, गुजरात, उत्तरप्रदेश सहित कई राज्यों के विभिन्न मेडिकल यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्य कर चुके है । वर्तमान में कजाकिस्तान के कारागंदा मेडिकल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। डॉ सुरेन्द्र सिंह को डॉ जितेन्द्र चिचोलकर के सानिध्य में चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग विषय के उच्च निष्ठा अनुकरण और नवजात पुनर्जीवन दक्षताओं में सुधार में इसकी भूमिका विषय में शोध कर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई । इंजी. भूपेन्द्र खटाना अधैत ने बताया कि उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, ताऊजी रजन पटेल, के अलावा मार्गदर्शन करने वाले सभी लोगों को दिया है ।

# विश्व कप जीतने पर खेल प्रेमियों ने खुशी मनाई

**भरतपुर** । भरतपुर- 13 से 19 जनवरी तक दिल्ली के इन्दिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित प्रथम खो-खो विश्व कप में दोनों ही वर्ग पुरूष/महिला भारतीय टीम को विजेता बनने पर भरतपुर खो-खो संघ के खेल प्रेमियो ने विश्वप्रिय शास्त्री पार्क स्थित घना चौपाटी पर एकत्रित होकर मिठाई खिलाकर आतिशबाजी कर खुशी मनाई। इस वर्ल्ड कप में तकनीकी अधिकारी रहे भरतपुर जिला खो-खो संघ संरक्षक डॉ संदीप देशवाल का खेल प्रेमियों ने स्वागत किया। भरतपुर जिला खो-खो संघ सचिव कृष्णा देशवाल ने बताया इस वर्ल्ड कप से राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं अपितु जिला स्तर पर भी खो-खो खेल को नया आयाम मिलेगा। इससे खो-खो खिलाड़ियों का खेल स्तर सकारात्मक रूप से बढ़ेगा और इससे खो-खो खेल का भविष्य सुनहरा होगा। इस अवसर पर डॉ राकेश चाहर, भगत सिंह सूरौता, डॉ संदीप देशवाल, मयंक चौधरी, गौरव, सिद्धू चौधरी, धर्मेश शर्मा, रामकिशोर कूम्हां आदि मौजूद रहे।

# राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक आयोजित

- महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग गठित किए जाने की स्वीकृति को लेकर आभार व्यक्त किया

**भरतपुर** । अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा द्वारा आयोजित बैठक महासंघ के संरक्षक हेमराज सिंह सिनसिनवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस मौके पर महासंघ के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग गठित किए जाने की स्वीकृति को लेकर आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रभारी प्रेम मंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने कर्मचारी महासंघ की बैठक में कर्मचारियों की मांगो पर पुनः चर्चा की गई।

महासंघ के जिला मंत्री भूदेव छौंकर ने कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही कर्मचारी हित में निर्णय लेकर वेतन विसंगति पदोन्नित, पदनाम परिवर्तन, जैसी मूलभूत मांगों को लेकर महासंघ के मांग पत्र को निस्तारित करे। इस अवसर पर महासंघ के मीडिया प्रभारी प्रेम मंगल ने कहा कि 7 फरवरी को कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर एक दिवसीय धरना व प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को महासंघ का मांग पत्र सौंपा जावेगा। धरने में समस्त विभागीय जिला अध्यक्ष जिला मंत्री महासंघ पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कर्मचारी भाग लेंगे। बैठक जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शारीरिक शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित

**सूरौठ** । राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन कृषि विभाग के ऑडिटोरियम हॉल टोंक में आयोजित किया गया । अधिवेशन में कस्बा सूरौठ निवासी नरेंद्र बाबा को पांचवीं बार शारीरिक शिक्षक संघ का निर्विरोध प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष हापू राम चौधरी व जिला अध्यक्ष लोकेश मीणा ने बताया कि करौली जिले के काफी संख्या में शारीरिक शिक्षकों ने इस सम्मेलन में भाग लिया । दो दिवस तक चले सम्मेलन में शारीरिक शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं पर विचार विमर्श व मंथन किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी को शारीरिक शिक्षकों की महत्वपूर्ण मांगो का ज्ञापन तैयार कर राज्य सरकार को भिजवाने के लिए सौंपा गया। दूसरे सत्र में प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया।

# पटवार संघ ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाली रैली

**करौला** । करौली जिला मुख्यालय पर पटवार संघ द्वारा 9 सूत्रीय मांगों को लेकर मुंशी त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम से रैली निकालकर जिला कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। साथ ही राजस्व विभाग के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमे मांग पूरी करने की गुहार लगाई है। शाखा अध्यक्ष लाखन सिंह,अरविंद जाटव,तहसील अध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि प्रदेश में पटवार संघ कि 9 सूत्रीय मांग लंबे समय से लंबित चल रही हैं जिनका निस्तारण अभी तक नहीं हुआ है।

इन मांगों को लेकर पूर्व में कई बार धरना प्रदर्शन भी किए गए उच्च अधिकारियों से वार्ता हुई। लेकिन वार्ता का कोई असर देखने को नहीं मिला। इसलिए इन मांगों को लेकर एक बार फिर 13 जनवरी से पटवार संघ प्रदेश में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। इसको लेकर सभी विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप से लेफ्ट हो गए और हड़ताल पर भी रहे हैं।

इन सभी मांगों को लेकर सोमवार को रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। रैली प्रदर्शन के बाद जिला कलेक्टर को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। मांगों को पूरा नहीं होने पर प्रदेश स्तर पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

पटवार संघ कि यह मांगे पटवारी पद को तकनीक पद घोषित करते हुए ग्रेड पे 3600 करने एवं गिरदावरी एप में पटवार संघ के अनुसार आवश्यक संशोधन करवाया जाए ताकि गिरदावरी पटवारी द्वारा ही किया जाना संभव हो, 1035 पटवार मंडल एवं भनोटी कमेटी में वित्तीय स्वीकृति से शेष पटवार मंडल एवं भू अभिलेख निरीक्षक भर्ती कि वित्तीय स्वीकृति जारी करने,डीसी का आयोजन, लिफाफा बंद प्रकरणों का निस्तारण की मांग,752 नवसृजित पदों के निर्धारण संबंधित मांग एक वर्ष से लंबित है इसे पूरा करने, संसाधन एवं कार्यालय फर्नीचर राज सरकार द्वारा 2024 एवं 2025 की बजट घोषणा मे प्रिंटर, लैपटॉप, टैबलेट सहित अन्य मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है।मांग पूरी नहीं होने पर उन्होने उग्र आंदोलन कि चेतावनी दी।

# विधायक ने की जनसुनवाई

**करौला**। रविवार को निज निवास सुंदरपुरा में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने जन सुनवाई कर अभाव अभियोग सुने। दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली के सचिव गंगाराम प्रजापत,संयोजक छीतरलाल लाल प्रजापति ने बताया कि प्रजापति समाज के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों पर चर्चा कि विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने बताया कि पाराशरी गांव के आवागमन के लिए पुल निर्माण स्वीकृत करा दिया है। महू हरनगर को उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत कराने की मांग रखी विधायक ने आगामी बजट में विद्यालय को क्रमोन्नित का भरोसा दिलाया।

**आम सूचना** हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकील श्री जगदिश पुत्र श्री गुलाब सिंह का प्लॉट बनाप 298.95 वर्गगज है। का उपरोक्त आवासीय प्लाट ग्राम पंचायत जगीना पंचायत समिति सेवर, जिला भरतपुर, राजस्थान में स्थित है जिसका एरिया 298.95 वर्गगज है। यह कि उपरोक्त सम्पत्ति का पट्टा संख्या 96, पुस्तक संख्या 05 जो की श्री जगदिश पुत्र श्री गुलाब सिंह के पक्ष दिनांक 08.06.2023 को जारी हुआ जिसका नवीनीकरण 05.09.2023 हुआ जो ग्राम पंचायत जगीना पंचायत समिति सेवर, जिला भरतपुर, राजस्थान द्वारा जारी किया गया जो दिनांक 19.09.2024 को उप पंजीयक भरतपुर में पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1369 पृष्ठ संख्या 178 क्रम संख्या 202403098108362 पर पंजीबद्ध किया हुआ है। जिसके रजिस्ट्रेशन पेज (पंजीयन विवरण पृष्ठ) दस्तावेज गुम हो चुका है तथा आज दिन तक नहीं मिला। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट राजस्थान पुलिस के पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज है तथा मेरे मुवक्किल श्री जगदिश पुत्र श्री गुलाब सिंह ने चोला मण्डलम हाउसिंग इनवेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लि. से ऋण प्राप्त कर रहे हैं। यदि उक्त दस्तावेज किसी को मिले तथा उक्त दस्तावेज एवं सम्पत्ति बाबत किसी भी व्यक्ति, बैंक व वित्तीय संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर-अन्दर मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता से नीचे लिखे पते पर सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने याद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी व सो सूचित रहे।

मुकुंद पंचारिया (एडवोकेट)
दिनांक : 15.01.2025 मो. 9829290229

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भरतपुर के खिलाडियों ने जीते पदक

- अतिथियों ने जयशंकर टाईगर क्लब भरतपुर के विजेता प्रतिभागियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया

**भरतपुर** । ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 7वीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 जो कि राजाजीपुरम मिनी इनडोर स्टेडियम लखनऊ में 16 से 20 जनवरी तक आयोजित हुई थी। कार्यक्रम में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव एडवोकेट आरडी मंगेश्वर, उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार कश्यप, राजस्थान ताइक्वांडो एसोसिएशन महासचिव लक्ष्मण सिंह हाडा, रेफरशिप टेक्निकल डायरेक्टर नेशनल रेफरी प्रयाग सिंह एवं चैंपियनशिप कोऑर्डिनेटर अभिषेक सिंह आदि अतिथि के रूप में मौजूद थे।

भरतपुर ताइक्वांडो संघ की सचिव ई दीप्ति शर्मा ने बताया कि उपस्थित सभी मंचासीन अतिथियों ने किला स्थित जयशंकर टाईगर क्लब भरतपुर के विजेता प्रतिभागियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

जिसमें क्योरोगी प्रतियोगिता की सब जूनियर वर्ग में ऐश्वर्य शर्मा, युवराज सिंह ने स्वर्ण पदक, राम्या शर्मा, अभय सिंह, अभी सिंह ने कास्या पदक प्राप्त किए, कैडेट वर्ग में सौरभ सेन ने कास्या पदक प्राप्त किए, जूनियर वर्ग में विशाल जाटव ने स्वर्ण पदक, रौनक कोली ने रजत पदक एवं गुड़िया सेन ने कास्या पदक प्राप्त किया। समारोह में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव एडवोकेट आरडी मंगेश्वर ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल प्रतिभा तो बहुत हैं उन्हें तराशने की जरूरत है, खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार कश्यप ने कहा कि हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए तथा हारने वाले को कभी हताश नहीं होना चाहिए।

टूर्नामेंट में भारत के विभिन्न राज्यों के करीब 1500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महासचिव एडवोकेट आरडी मंगेश्वर, उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार कश्यप ने भरतपुर ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा एवं नेशनल रेफरी एवं टाईगर क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर को ऑफिशल शील्ड देकर सम्मानित किय।

# ग्रामपंचायत बनाने हेतु सौपा ज्ञापन

**करौला** । करौली के मासलपुर क्षेत्र में स्थित मंडा खेड़ा के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपने गांव को अलग ग्राम पंचायत बनाने कि मांग कि है। मासलपुर क्षेत्र के ग्राम मंडाखेडा , मलूकपुरा, सेमरपुरा, कसोलेकापुरा, पटीयानका पुरा,मेंगरा खुर्द ,हकीमपुरा गॉव निवासी राजाराम, विष्णु गुंर्जर ,अर्जुन लाल, हरवीर, रामसहाय, गोपाल,गजानंद सैन,राजू शर्मा आदि लोगो ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि पहले मंडाखेड़ा एक स्वतंत्र ग्राम पंचायत था लेकिन बाद में इसे खेड़िया ग्राम पंचायत में शामिल कर दिया गया। वर्ष 2011 कि जनगणना के अनुसार मंडाखेड़ा की आबादी 3000 से अधिक है और गांव में लगभग सभी बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। वर्तमान में मंडाखेड़ा गांव खेड़िया ग्राम पंचायत का हिस्सा है लेकिन खेड़िया से इसकी दूरी अधिक होने के कारण ग्रामीणों को प्रशासनिक कार्यों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि राजस्व से संबंधित छोटे-छोटे कामों के लिए भी उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

# भामाशाह ने बच्चों को वितरण किए पहचान पत्र

**करौली** । राज्य सरकार द्वारा जारी कलेंडर के मुताबिक जनवरी माह में चुनिंदा सरकारी विद्यालयों में वार्षिक उत्सव मनाये जा रहे हैं इसी क्रम में पीईईओ रूंधपुरा के अंतर्गत आने वाले राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मरदई कलां में सोमवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रूंधपुरा के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश और विशिष्ट अतिथि के रूप में भामाशाह धनसिंह मीना रूंधपुरा रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष रामकेश गुर्जर ने कि कार्यक्रम दौरान अतिथियों द्वारा विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने और भौतिक संसाधनों के विस्तार को लेकर अपने विचार रखते हुए भामाशाह द्वारा छात्रों के लिए बनवाये गये पहचान पत्रों को विद्यालय में अनुशासन के एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए भामाशाह का आभार व्यक्त किया।

# ज्ञापन सौपा

**हिण्डौन**। ग्राम धंधावली के ग्रामवासियों कि ओर से उपजिला कलेक्टर हेमराज गुर्जर को धंधावली को नवीन ग्राम पंचायत बाने के लिए ज्ञापन दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव धंधावली ग्राम पंचायत सोमला रात्रा में आता है गांव धंधावली से सोमला लगभग तीन-चार किलोमीटर पढ़ता है जिससे गांव के बुजुर्ग व महिलाओं को आने जाने में बहुत परेशानी होती है। गांव धंधावली में लगभग दो हजार से अधिक मतदाता हैं और लगभग 8000 जनसंख्या है इस ग्राम धंधावली को ग्राम पंचायत बनाया जाए। इस अवसर पर दलवीर सिंह चौधरी, हरिप्रसाद जाटव , जगमोहन जाटव , करतार सिंह चौधरी, राजेश, सतीश, सुमरन, मोहनसिंह, भरोसी , बृजमोहन, करण, रामसिंह हेमन्त सिंह, राधेश्याम, वीरेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# 'मुख्यमंत्री कार्यालय सहित अन्य प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निस्तारण करे'

**करौली** । अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने कहा कि समस्त अधिकारी राजस्थान मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण,संपर्क पोर्टल,लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संभागीय आयुक्त कार्यालय से जनसुनवाई के प्राप्त प्रकरण एवं 180 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का समय सीमा में निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्टेट सभागार मे साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

उन्होंने सीएमएचओं को चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने,विद्युत विभाग के अधिकारी को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति बनाये रखने, पीएचईडी के अधिकारी को जल जीवन मिशन के तहत बकाया कनेक्शन जारी करने, डेमेज सडकों को दुरूस्त करने, जिले मे पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में राजस्व, माइनिंग,सेल टैक्स,परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिये। इसके अलावा अन्य लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करने, ई-फाईल एवं ई-डाक की शत प्रतिषत पालना करने के निर्देष दिये। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा,पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक गंगासहाय मीणा,कोषाधिकारी भरतलाल मीणा, सूचना जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

